102 यू.पी. बटालियन द्वारा स्वच्छता दिवस पर आयोजित स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान में स्वैच्छिक श्रमदान करते हुए कैडेट्स

दिनांक : 02 अक्टूबर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के 102 यू.पी. बटालियन द्वारा आयोजित स्वच्छता दिवस पर श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य कर्नल (डॉ.) अरविंद सिंह कुशवाहा, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील कुमार सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान में कैडेट्स ने देवालय, उद्यान, प्रशासनिक भवन और अस्पताल परिसर की साफ– सफाई कर स्वच्छता का संकल्प लिया। गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य कर्नल (डॉ.) अरविंद सिंह कुशवाहा ने स्वच्छता अभियान पर कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वच्छता भारत की संस्कृति और जीवन शैली का अभिन्न अंग है। स्वच्छता एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है

इसमें हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेंदारी से स्वच्छ और स्वस्थ भारत का रोड मैप तैयार किया जा सकता है। विद्यार्थी जीवन से प्रेरणा ग्रहण करना चाहिए की अपने आसपास, घर आंगन, समाज और राष्ट्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रतिदिन श्रम दान का संकल्प लेना होगा। एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छ भारत का स्वप्न एक दिन न हो, बल्कि हर दिन स्वच्छ भारत के प्रति समर्पण, निष्ठा से स्वच्छता के प्रति कृत संकल्पित होना है। और केवल व्यक्तिगत क्रिया नही है बल्कि सामूहिक प्रयास से समाज को स्वच्छ बनाने की प्रक्रिया है।

स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से कैडेट अभिषेक चौरसिया, आदित्य विश्वकर्मा, अमित कुमार चौधरी, अनुभव, भानु प्रताप सिंह, हरयश्व कुमार साहनी, मोतीलाल, शिवम सिंह, आशुतोष सिंह, अमृता कनौजिया, आंचल पाठक, अंशिका सिंह, अस्मिता सिंह चांदनी निषाद, दरक्षा बानो, गौरी कुशवाहा, जयश्री शर्मा, निधि साहनी, निकिता, पूजा सिंह, प्रीती शर्मा, रितु मौर्य, साक्षी प्रजापति, संजना शर्मा, शालिनी चौहान, श्रद्धा उपाध्याय, नीलेश कुमार यादव, अनुभव पांडेय,

सूरज कुमार, आलोक सिंह, अरुण, शिखर पांडेय, अमन चौरसिया, आदित्य पांडे आदित्य सिंह, अभिषेक मिश्रा, रघुवीर प्रताप सिंह, राहुल यादव, विवेकानंद यादव, अरविंद विश्वकर्मा, ज्ञानेश्वर प्रताप मौर्य, रुद्र प्रताप सिंह, आलोक दीक्षित, शैलेंद्र कुमार, प्रज्ञा भारद्वाज, अंजली सिंह, अतिका तिवारी, ममता गुप्ता, वसुंधरा सिंह, गुड़िया कुशवाहा, अनुराधा विश्वकर्मा, सृष्टि पांडे, रोशनी त्यागी, अनुप्रिया, काजल, अर्पिता राय, पार्वती साहनी, काजल गौतम, उजाला सिंह, पिंकी यादव स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुई। अभियान में सभी प्राचार्य, अधिष्ठता, विभागाध्यक्ष शिक्षकगण ने स्वच्छ भारत दिवस के संकल्प में सहयोग किया।